सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 122 | इंदौर, बुधवार 08 नवंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. रामचरितमानस विवाद: सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की मुश्किलें बढ़ीं, अदालत ने मंजूर की निगरानी याचिका
2. Assam संत अपमान: कांग्रेस MLA आफताबुद्दीन गिरफ्तार, BJP का राहुल से तीखा सवाल, कांग्रेस चीफ बोले- माफी मांगें

**चुनावी चर्चा**

DGR@ एल.एन. उग्र

## जीतू है मैदान जीतने को तैयार...?

### क्या सरकार भी बन रही है कांग्रेस की... और वह भी होंगे खास...

राउ विधानसभा चुनाव में... मुकाबला कडा है...क्योंकि एक और हैं...वरिष्ठ भाजपा राजनेता... मधु वर्मा... और दूसरी ओर हैं...अल्प समय की कांग्रेस सरकार में... काफी असरदार रहे मंत्री... युवा तथा तेज राजनेता... जीतू पटवारी...कांग्रेस के समय पटवारी... हमेशा चर्चा में रहते थे... और वह स्वयं अब चर्चा में जीत सुनिश्चित बताते हैं... उनका यह कहना महत्वपूर्ण है कि...'आने वाले समय में मध्य प्रदेश में... सरकार तो कांग्रेस की ही बनेगी... और राउ में कांग्रेस... यानी की उनका जितना तय है... और वह भी प्रचंड बहुमत से...' उनके आपसी संबंधों के पूछने पर वह कहते हैं कि 'राऊ विधानसभा चुनाव में...चुनाव होता है... बाद में सब साथ होते हैं... जीत हार के बाद सब एक सा होता है... मैं रिश्तो के ऊपर राजनीति नहीं करता हूं...अगर मधु वर्मा जी को मैं पिता समान कहता हूं... तो उनका सम्मान भी रखता हूं...परंतु प्रश्न करना राजनीति के लिए गलत नहीं है... क्योंकि वह मैदान में प्रतिद्वंदी की तरह सामने है... और यदि वे सामने होते हैं... तो पैर छूकर आशीर्वाद लेता हूं...' कांग्रेस के दो बार के विधायक और मंत्री के रूप में उनकी उपलब्धियां पूछने पर वह यह कहते हैं कि ...'उन्होंने क्षेत्र का पर्याप्त विकास भी किया है...राउ क्षेत्र में 27 ब्रिज तैयार करने का... वह कथन करते हैं...' वह खुद को संतुष्ट बताते हैं...साथ ही चर्चा में वह यह भी बताते हैं कि...' मध्य प्रदेश में अकेली राउ विधानसभा सीट है... जहां बुधनी से भी ज्यादा विकास हुआ है... ना माने तो राउ क्षेत्र में आकर...कोई भी देख सकता है...' बुधनी का मतलब उनका इशारा...शिवराज सिंह चौहान का विधानसभा क्षेत्र... बुधनी है... और बुधनी से भी ज्यादा विकसित क्षेत्र...राउ को मानते हैं... जहां शिक्षा का विकास...सबसे ज्यादा हुआ है...। आगे वे क्या करेंगे के सवाल पर... वह कहते हैं कि... 'आने वाले 5 वर्षों में... सबसे अधिक रोजगार पर ध्यान दूंगा... और बेरोजगारी दूर करूंगा...मेरे क्षेत्र को शिक्षा का हब बनाऊंगा...' ! राजनीति में झूठ के सवाल पर... उनका कहना पड़ता है कि... 'सबसे ज्यादा झूठ शिवराज सिंह चौहान बोलते हैं...30000 से भी अधिक झूंठ का रिकॉर्ड... उनके नाम होना चाहिए...' जनसंपर्क के दौरान खुले मन से...सबसे मिल मिलकर प्रेम बटोरने का... प्रयास वे कर रहे हैं...जीत में सफलता कितनी मिलेगी... चुनाव के परिणाम पर पता लगेगा... लेकिन वह आत्मविश्वास से... यह कहते हैं कि... 'जीत सुनिश्चित है...'।



जमीनों पर खूब घोटाले का...अपने प्रतिद्वंद्वी पर आरोप भी लगाते हैं... प्रमाण भी देने को तैयार हैं... उनके नेता कौन है...इस पर वे स्वीकारते हैं कि 'मध्य प्रदेश में कमलनाथ ही मेरे नेता है... उन्होंने ही सबसे पहले मुझे मंत्री बनाया था... और सरकार पर आए संकट के समय भी... मुझे काफी जिम्मेदारी दी थी... जिसे मैंने निभाया भी... मैं उनका अनुयाई हूं...और हमेशा उनका साथ मिला है...'।

कमलनाथ की ओर उनकी मिस्ट्री क्या है... इस पर वह कहने लगे...'कमलनाथ मुझ पर भरोसा करते हैं... और मैं उनका भरोसा टूटने नहीं देता हूं... यही हमारे उनके संबंध हैं...' विधानसभा चुनाव परिणाम में नेतृत्व के सवाल पर...वह स्पष्ट कहते हैं कि...' मध्य प्रदेश में सरकार तो कांग्रेस की ही बन रही है... यह तय है... और प्रचंड बहुमत से... सरकार कांग्रेस की बनेगी... और मुख्यमंत्री भी कमलनाथ ही बनेंगे...'।

राजनीतिक दलों द्वारा चंदे पर उनका जवाब था कि...' राउ विधानसभा क्षेत्र में... मेरे द्वारा ना तो कभी कोई चंदा मांगा गया... और ना कभी चंदा मांगा जाएगा... मैं जो भी काम करता हूं... अपने दम पर करता हूं... और सेवा भी मैं अपने साधनों से करता हूं... कलेक्टर से पैसा लिया और किसी की मदद करदी... यह सेवा नहीं है... हमारे क्षेत्र में 1 भी चंदा किसी से मांगा नहीं जाता है...चंदा आप बीजेपी को दो... और वोट आप मुझे दो... मेरी तो यही अपील रहती है...'।

एक सवाल के जवाब में... जीतू पटवारी जी कहते हैं कि...' मैने राजनीति में एक नया काम किया कि...मेरी विधानसभा मेरा परिवार...बाद में यही शब्द... यही वाक्या कई जगहों पर... चलन में रहा... यहां तक की विपक्ष के नेता...मेरे इस वाक्य की सराहना करते हैं...बाद में तो कई लोगों ने इस वाक्य को अपनाया... पर यह मेरा गर्व है कि... मेरे इस तरह के वाक्य को... सार्वजनिक रूप से बताया... और इसको मैंने अपनाया है... अभी मैं मेरे विधानसभा को मेरा परिवार ही मानता हूं...जंऊ

अंत में वह बात का समापन... इस बात से करते हैं कि...'जीतू है मैदान जितने को तैयार...'।

...शैष फिर...

## कांग्रेस ऐसी चक्की जिसके दो पाट एक कमलनाथ दूसरा दिग्विजय सिंह और पिस रही जनता

### ◆ सीएम शिवराजसिंह ने साधा कांग्रेस पर निशाना

DGR विशेष @ पुष्पेन्द्र पुष्प



**रायसेन**। रायसेन जिले के सिलवानी विधानसभा के बेगमगंज में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार रात 8 बजे पहुंचे। उन्होंने यह भाजपा प्रत्याशी रामपाल सिंह राजपूत के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 'मैं एक बार फिर बेगमगंज वालों के दर्शन करने आया हूं। मैं सरकार नहीं परिवार चलाता हूं। मैं हमेशा कहता हूं कि, मध्यप्रदेश मेरा मंदिर है, मध्यप्रदेश में रहने वाली जनता ही मेरी भगवान है। मेरी बहनाओं 10 तारीख को इस बार धनतेरस है, इसलिए मैंने तय किया कि, धनतेरस से पहले ही तुम्हारे खाते में खुशियों की किश्त आ जाए। आज 7 तारीख से ही तुम्हारे खाते में पैसा आना शुरू हो जाएंगें।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस का जिनसे गठबंधन हुआ है वह समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश जी कहते हैं कि, कांग्रेस बहुत ही चालू पार्टी है। कांग्रेस ने हमें धोखा दिया यह दगाबाज पार्टी है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि, कांग्रेस जनकल्याणकारी योजना बंद करने वाली पार्टी है और अब तो कांग्रेस कपड़ा फाड़ पार्टी हो गई है। दिग्विजय सिंह और कमलनाथ एक दूसरे के कपड़े फड़वा रहे हैं।

कांग्रेस ऐसी चक्की हो गई है कि जिसके दो पाट हो गए हैं। एक कमलनाथ का पाट और दूसरा दिग्विजय सिंह का पाट, इन दोनों पाटों के बीच में जनता पिस रही है और कांग्रेसी पिस रहे हैं। कमलनाथ ने सवा साल में वल्लभ भवन को भ्रष्टाचार और दलालों का अड्डा बना दिया था। मध्यप्रदेश को बर्बाद और तबाह करने में कांग्रेस सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी। जब कमलनाथ मुख्यमंत्री थे तो हमेशा पैसों का रोना रोते थे। कहते थे मामा खजाना खाली कर गया। लेकिन भाइयों- बहनों जनता की सेवा के लिए मेरे पास पैसों की कोई कमी नहीं हैं।

## यहां दिग्विजयसिंह का कैलाश विजयवर्गीय पर कटाक्ष

उधर, कांग्रेस महासचिव दिग्विजय सिंह ने मंगलवार देर रात इंदौर आए। मीडिया से बात करते हुए विजयवर्गीय पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कलाकार संकट में है। देश के भाजपा नेतृत्व से केंद्रीय नेतृत्व ही नहीं जनता भी नाराज है। 18 साल की सरकार को लेकर नाराजगी नीचे तक महसूस की जा रही है। इससे भाजपा डरी हुई है। उन्होंने दावा किया कि इस बार कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलेगा और 130 से ज्यादा सीटें आएगी। दिग्विजय सिंह ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे के कथित वायरल ऑडियो के बारे में कहा केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को जवाब देना चाहिए। मोदी सरकार से गरीब और मध्यम वर्ग परेशान है। सरकार ने बड़े उद्योगपतियों के 25 लाख करोड़ का कर्ज माफ किए हैं, लेकिन गरीब किसान, मजदूर, व्यापारी का एक रुपये का कर्ज भी माफ नहीं किया। 70 कॉर्पोरेट घरानों के पास के पास देश के बजट के बराबर संपत्ति है। सिंह ने कहा कि इस बार मप्र में बीजेपी कोई रिकवर नहीं कर रही है, वह लगातार पीछे हो रही है। सीटों को लेकर दोनों के बीच गैप बढ़ रहा है। कांग्रेस 130 से ज्यादा सीट लाकर सरकार बना रही है। केंद्रीय नेतृत्व पीएम मोदी, गृहमंत्री ने अपने चुनिंदा मंत्रियों के साथ पूरे प्रदेश में प्रचार कमान संभाली है।

### विजयवर्गीय कलाकार है, लेकिन इस बार संकट में हैं

भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के चुनाव लडऩे पर दिग्विजय सिंह ने कहा कि विजयवर्गीय कलाकार है। लेकिन इस बार वे संकट में है। वे आजकल मीडिया में छाए हुए है, क्योकि वे मुझसे भी ज्यादा विवादास्पद बयान देने लगे हैं।

### दरबार को बागी नहीं होना था, वह क्राइटेरिया से बाहर थे

महू से बगावत कर चुनाव में उतरे कांग्रेस के पूर्व विधायक अंतर सिंह दरबार को लेकर दिग्विजय सिंह ने कहा कि दरबार ने टिकट मांगा था। पार्टी ने उन्हें 5 बार टिकट दिया। वे 2 बार चुनाव जीते, 3 बार हारे। लेकिन इस बार वह तय क्राइटेरिया में नहीं आते थे, इसलिए टिकट नहीं दिया गया। उन्हें बागी होकर चुनाव नहीं लडऩा चाहिए। वहीं बागी बीजेपी और कांग्रेस दोनों में हैं, हमारे यहां आठ से दस जगह पर गंभीर बागी हैं। सिंह ने श्रीनिवास तिवारी के पोते सिद्धार्थ तिवारी को लेकर कहा कि वह टिकट चाहते थे लेकिन वह लेट आए इसके चलते सर्वे में पिछड़ गए, टिकट नहीं होना अलग बात थी लेकिन उनकी भाषा सही नहीं थी।

### भाजपा ध्यान भटकाना के लिए धर्म को हथियार बना रही

दिग्विजय सिंह ने कहा कि बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई जैसे मुद्दों से भाजपा ध्यान भटकाना के लिए धर्म को हथियार बना रही है, लेकिन जनता समझ चुकी है। इस तरह के हथकंडों से भाजपा को कोई फायदा नहीं है। वे कर्नाटक में बजरंगबली को चुनाव में ले आए, लेकिन उसमें उनका फायदा नहीं हुआ। भाजपा किसी भी तरह जनता का ध्यान बांटने का कुटिल प्रयास कर रही है।

### बीजेपी झूठ फैला रहीं

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के मुस्लिमों को लेकर दिए गए बयान का मुद्दा उठाने पर सिंह ने कहा कि मनमोहन सिंह ने कभी नहीं कहा कि प्राकृतिक संसाधनों पर पहला हक मुस्लिमों का है। यह झूठ भाजपा फैला रही है। भाजपा झूठ जोर से और बार-बार बोलती है।

# लाडली बहनों की मनी दीवाली, खातों में पहुंची 1250 रुपए की राशि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कई उहापोह के बाद शहर की 3 लाख से अधिक लाडली बहनों की सरकार ने दीपावली मनवा दी। शाम को उनके खातों में 1250 रुपए की किश्त जमा हुई। किश्त जमा होते ही महिलाओं के चेहरे पर रौनक लौट आई।**

विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के बाद यह कयास लगाए जा रहे थे कि महिलाएं कयास लगा रही थी कि शायद लाडली बहना का पैसा जमा नहीं होगा। निर्वाचन आयोग भी चुनाव को देखते हुए इस पर रोक लगा सकता है। तीन दिन पहले सरकार ने जब राशि देने की घोषणा की थी, तभी से यह उम्मीद बंधी थी कि राशि जमा होगी। सरकार भी राशि जमा करने को लेकर आश्वस्त थी। सरकार को पता था कि राशि जमा नहीं हुई तो लाडली बहनों को निराशा होगी, संभवतया वोटिंग भी प्रभावित हो सकता है। हालांकि, यह भी तय माना जा रहा था कि लाडली बहना योजना चुनाव से पांच माह पहले शुरू हुई है, इसलिए योजना को बंद करने के अधिकार निर्वाचन आयोग को नहीं है। वैसे कल 9 नवंबर से दीपोत्सव पर्व की शुरुआत हो रही है। पर्व को लेकर लोग जमकर खरीदी में जुटे हुए हैं। ऐसे में ऐनमौके पर लाडली बहना की राशि आने से त्यौहार की खुशी दोगुनी हो गई है। लाडली बहनों को राशि जमा होने का मैसेज मिला, वैसे ही सरकार को बधाई दी।

# एक करोड़ की मशीन से होगी जलकुंभी की सफाई

### निगम वर्कशॉप ने बनाई 15 लाख में की थी तैयार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। निगम के वर्कशाप में लगातार खटारा वाहनों की नया स्वरुप देने का काम किया जा रहा है। पिछले दिनों इलेक्ट्रिक डोर टू डोर कचरा संग्रहण गाडियां, एंबुलेंस के बाद अब 15 लाख की लागत से वीड हार्वेस्टर मशीन का निर्माण किया। इस मशीन का बाजार मूल्य एक करोड़ रुपए है। मशीन से तालाबों की जलकुंभी निकालने में आसानी रहेगी। मशीन के माध्यम से सिरपुर तालाब में ट्रायल के तौर पर जलकुंभी निकालने का कार्य भी किया जा रहा है। वर्कशॉप के उत्कृष्ठ यंत्रियों के माध्यम से 42 फीट लंबी व 4 से 5 टन वजनी मशीन का निर्माण किया गया है। बाजार में मिलने वाले मशीन के जैसे ही फंक्शन इस मशीन में भी है। 3 कन्वेयर सिस्टम भी इस मशीन में लगाये गए हैं, जिसे यह मशीन बेहतर कार्य करने में सक्षम है।

## प्रियंका गांधी का 3 दिन में इंदौर का दूसरा दौरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी 3 दिन में दूसरी बार आज इंदौर आ रही हैं। वह सुबह 12 बजे इंदौर एयरपोर्ट पहुंचेंगी। इसके बाद सांवेर विधानसभा के मांगलिया में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। शाम 5 बजे इंदौर-1 में रोड शो होगा। प्रियंका इससे पहले 6 सितंबर को इंदौर-5 विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करने आई थी। प्रियंका की मांगलिया में करीब 45 मिनट तक जनसभा होगी। 2 बजे वह हेलीकॉप्टर से खातेगांव के लिए रवाना होंगी। यहां डाक बंगला मैदान में सभा करेंगी। दोपहर 3.20 बजे वह इंदौर के लिए रवाना होंगी और 3.45 बजे पर इंदौर आएंगी। शाम 4.55 बजे से इंदौर-1 विधानसभा में 3 किमी का रोड शो करेंगी। शाम 6.30 बजे वह इंदौर एयरपोर्ट से विशेष विमान से दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

## डॉ. रामगुलाम को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नालंदा विश्वविद्यालय और सोसायटी आफ इन्वायरमेंट पटना द्वारा विश्व शांति के लिए बुद्धिज्म और समाज में डॉ. रामगुलाम राजदान ने आज के उथल-पुथल युग में विश्व शांति के लिए बुद्धिज्म की महत्ता पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर देश विदेश के छात्र-छात्राएं, फेकल्टी, विद्वान अतिथि उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के कुलपति अभयकुमार सिंह और सोसायटी आफ इन्वायरमेंट के अध्यक्ष सचिन्द्रा नारायण ने डॉ. राजदान को उनके मानसिक स्वास्थ्य में अतुलनीय और उत्कृष्ट कार्य के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया।

# शहर के बाजारों में त्योहार की रौनक





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शुक्रवार से शुरू हो रहे पांच दिनी दीपोत्सव के पांच दिन पहले से ही शहर के बाजारों में त्योहार की रौनक दिखने लगी है। राजबाड़ा क्षेत्र के बाजारों में सजावट कर दी गई है। ग्राहकों को बाजारों तक बुलाने के लिए आकर्षक ऑफर दिए जा रहे हैं। कहीं बाजार को केसरिया रंग से सजाया गया है तो कहीं ग्राहकों का मिठाई खिलाकर स्वागत करने की तैयारी है। सराफा में धनतेरस पर रेड कारपेट बिछाकर विशेष सजावट की जाएगी।**

बर्तन बाजार में तीन मंजिला सजावट- धनतेरस पर सोना-चांदी के अलावा बर्तन खरीदने का विशेष महत्व है। धनतेरस पर बर्तन बाजार में खास सजावट की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। डिमांड के अनुसार स्टील और ताम्बे के बर्तन दुकानदारों में स्टॉक में रखे है। धनतेरस के एक दिन पहले दुकानों को विशेषरूप से सजाया जाएगा। बीआरटीएस के व्यावसायिक संस्थानों को 24 घंटे खोले रखने की अनुमति है। खरीदी के चलते बीआरटीएस देर रात तक रोशन रहेगा। चार मॉल सहित कई बड़े शो रूम इस पर संचालित होते हैं। अधिकांश मॉल और शो रूम में रविवार से ही सजावट हो गई है। रेड कारपेट से होगा स्वागत- धनतेरस से दिवाली तक सराफा बाजार में नो वीकल जोन रहेगा। रेड कारपेट लगाने के साथ सजावट शुरू हो गई है। मंत्री अविनाश शास्त्री ने बताया कि दुकानदारों ने सोने-चांदी के आभूषणों की नई डिजाइनों के अलावा सिक्कों का बड़ा स्टॉक रखा है। ग्राहकों को को खास ऑफर भी दिए जाएंगे। केसरिया रंग में मारोठिया मारोठिया बाजार दिवाली से करीब आठ दिन पहले ही केसरिया रंग के कपड़ों और झंडों से सजाया गया है। अध्यक्ष विशाल शर्मा ने बताया कि ऑनलाइन बाजारों को चुनौती देने के लिए हमने ग्राहकों के लिए कॉस्मेटिक्स और प्लास्टिक प्रोडक्ट पर खास छूट और ऑफर दी है।

### कटाक्ष




## आज एयरपोर्ट रोड पर नहीं उड़ेंगे ड्रोन कैमरे

### वीआईपी मूवमेंट के चलते पुलिस ने लिया निर्णय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। वीआईपी आगमन को देखते हुए विमानतल के आसपास के क्षेत्र, रोड शो मार्ग व कार्यक्रम स्थल में सभी प्रकार के ड्रोन कैमरे, हॉट एयर बलून आदि फ्लाइंग ऑब्जेक्ट का उड़ाना तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है। यह निर्णय आज 8 नवंबर को अभा कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी(वाड्रा) के आगमन को देखते हुए प्रशासन ने लिया है। पुलिस आयुक्त मकरंद देउस्कर ने देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल, व्ही.आई.पी. रोड शो मार्ग के दोनों ओर, मुख्य कार्यक्रम स्थल बाणेश्वर कुंड, बाणगंगा नाका के 3 किलोमीटर की परिधि को रेड जोन. नो फ्लाईंग जोन घोषित किया है। इस आदेश के उल्लंघन पाए जाने पर दोषी व्यक्ति के विरूद्ध नियमानुसार धारा 188, अन्य सुसंगत धाराओं एवं अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# पत्नी की कार चुराने दिया 50 हजार रुपए का लालच

### आरोपी रिक्शा चालक सहित कार मालिक भी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पत्नी की महंगी स्वीफ्ट कार चुराने को लेकर पति ने ही योजना बनाई और दो साथियों से वारदात कराई। मामले में पुलिस ने आरोपी रिक्शा चालक सहित साथी और पति को गिरफ्तार कर लिया है। मामला आजाद नगर थाना क्षेत्र का है। फरियादी सुनीता पति सतीश मौर्य की मयूर नगर से ने बताया कि दो नवंबर को उसके घर के बाहर खड़ी कार क्रमांक एमपी-09-सीयू-5412 को अज्ञात बदमाश चुरा ले गए। शिकयत को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए टीम गठित की। वहीं, फरियादी के घर के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में ई रिक्शा से आते दो युवक दिखे। इसके बाद पुलिस ने ई रिक्शा की तलाश की। इसमें पता चला कि इलाके में रहने वाला रीतिक पिता मुकेश चावरे निवासी अभिषेक नगर है। पुलिस ने जब रितेश को पकडक़र पूछताछ की तो उसने अपने साथी गोलू उर्फ रामकृष्ण पिता राजेन्द्र शर्मा निवासी विराट नगर के साथ वारदात करना कबूला। इस पर पुलिस ने द्वारापुरी थाना क्षेत्र से गोलू को पकड़ा और पूछताछ की। गोलू ने पुलिस को बताया कि महिला की कार चुराने के लिए उसके पति सतीश ने चाबी दी थी। चाबी देने के बाद मैं कार लेकर रवाना हो गया। कार की चाबी देते हुए सतीश ने कहा था कि कार चुराने पर वह दोनों(गोलू और रीतिक) को 50 हजार रुपए देगा। सतीश द्वारा रुपए देने के लालच में आकर कार चुराकर उद्योग नगर में छोटी लखानी फैक्ट्री के पास सुनसान इलाके में खड़ी कर दी थी। इसके बाद जब सतीश से पैसा मांगे तो वह आनाकानी करने लगा। सतीश ने गोलू को कहा था कि वह पत्नी को परेशान करने की नीयत से कार की चोरी कराना चाहता है। मामले में पुलिस ने गोलू, रितिक के साथ फरियादी के पति सतीश को भी गिरफ्तार कर लिया है।

# विजयवर्गीय ने कांग्रेस को बताया डुप्लीकेट रामभक्त और शूर्पणखा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मंगलवार को भाजपा राष्ट्रीय महासचिव एवं क्षेत्र 1 के प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय ने वार्ड 9 और 5 में भव्य रोड शो के साथ जनसंपर्क किया। दोपहर में वार्ड 9 के साउथ गाडराखेड़ी से पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता और पार्षद राहुल जायसवाल के साथ रोड शो पर निकले विजयवर्गीय का जगह जगह मंच लगाकर भव्य स्वागत किया गया। रास्ते भर सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पुष्प वर्षा करती रही। रोड शो के लिए पूरे वार्ड में बलून की विशेष सजावट की गई। ब्रह्मबाग कॉलोनी में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आपके बीच परसो आने वाला था, लेकिन 10 बजे आचार संहिता लग



जाती है, उसका उल्लंघन नहीं कर सकते, आप लोगो ने बहुत तैयारी की थी लेकिन मैं नहीं आ सका, इसके लिए आपसे माफी मांगता हूं। कुम्हार खाड़ी नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि रास्ते भर मातृ शक्ति द्वारा दिए गए आशीर्वाद से मुझे ऊर्जा मिलती है। इस ऊर्जा का उपयोग क्षेत्र का विकास करने में लगाऊंगा। जगह जगह महिलाओं ने आरती उतारकर जीत का आशीर्वाद दिया। वार्ड 5 के जय भवानी नगर से पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता और पार्षद निरंजन सिंह चौहान गुड्डू के साथ रोड शो जनसंपर्क शुरू किया। पूरे वार्ड 5 में भगवा हरी लाइट और भगवा हरे बलून से सजावट की गई। पूरे वार्ड में हर घर के बाहर दिए लगाकर विजयवर्गीय का स्वागत किया गया। जगह जगह मंच लगाकर रोड शो का स्वागत किया गया। मंच से ही एक कार्यकर्ता ने वार्ड 5 को चुनाव में क्षेत्र का नंबर वन वार्ड बनाने का वादा किया। यहां जन सभा को संबोधित करते हुए कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इस साल 3 बार दीपावली आएगी, पहली 12 नवंबर को, दूसरी 3 दिसंबर को जब चुनाव के नतीजे आएंगे और तीसरी 22 जनवरी को जब अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी। कांग्रेस नौटंकी कर रही है, कभी जनेऊ पहन रही है तो कभी हनुमान चालीसा पढ़ रही है। अरे भाई डुप्लीकेट डुप्लीकेट होता है, असली असली होता है। हम असली बंदे हैं रामजी हनुमानजी के और डुप्लीकेट और नकलची लोग कांग्रेस में है। 17 तारीख को भाजपा को वोट देकर राम के विरोधियों और विकास को रोकने वालों की नाक कटना चाहिए।

# सीमा सुरक्षा बल के 487 नवआरक्षकों का शपथ परेड़ का आयोजन

### परेड ग्राउंड में साक्षी बने परिजन और अधिकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। परेड ग्राउंड पर मंगलवार को सीमा सुरक्षा बल के 487 नव आरक्षक के शपथ परेड का आयोजन किया गया। इसमें नवआरक्षकों के परिजन और अधिकारी साक्षी बने। इन नवआरक्षकों ने सौरभ कमांडेंट, ललित हुरमाडे, कुलदीप गुलिया को सलामी दी। मुख्य अतिथि की गरिमामय उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज को साक्षी मानकर आरक्षकों ने अपनी ड्यूटी पूर्ण निष्ठा के साथ करने की शपथ ली।**

बैच को प्रशिक्षण के दौरान हथियारों, ड्रील, शारीरिक प्रशिक्षण, फील्ड क्राफ्ट, मैप रिडिंग, माइनर टैक्टिस, कप्यूटर, आंतरिक सुरक्षा ड्यूटी, आपदा प्रबंधन, ड्रोन तकनीक एवं साइबर सिक्युरिटी का प्रशिक्षण दिया गया। 487 आरक्षकों में से 17 आरक्षक पूर्व सैनिक हैं। प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले आरक्षकों को मैडल देकर बधाई दी । विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल आए नव आरक्षक में ओवरऑल प्रथम स्थान पर मनीष कुमार, हरिशंकर कुमार, सनी कुमार, ओवरऑल द्वितीय स्थान पर छोटू कुमार सिंह, आशीष कुमार, बृजेश गुप्ता, शारीरिक दक्षता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में दीपमोनी छेत्री, रामानंद यादव, अजित कुमार, सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज में राजा बजरंग, आलोक कुमार, वीरेंद्र कुमार, सौरव चौहान, रमेश कुमार और राम जीवन कुमार रहे।

# भाजपा ने आदिवासी जनजाति के भाई-बहनों की जिंदगी बदलने का काम किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सुमेर सिंह सोलंकी ने मंगलवार को अभय प्रशाल स्थित संभागीय मीडिया सेंटर पर प्रेस वार्ता में कहा कि भाजपा ने आदिवासी जनजाति के भाई-बहनों की जिंदगी बदलने का कार्य किया है। देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार ने आदिवासी क्षेत्रों में जो विकास कार्य किए हैं वे आज जनता के सामने प्रत्यक्ष हैं।

उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के मान सम्मान, अधिकार दिलाने का कार्य भाजपा ने किया है। सुमेर सिंह ने कहा कि भाजपा ने कई स्मारकों का निर्माण किया। महापुरुष बिरसा मुंडा की स्मृति में भाजपा सरकार ने राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस स्थान दिलाने का कार्य किया है। रानी दुर्गावती का स्मारक 100 करोड़ की लागत से बन रहा है। सुमेर सिंह ने कहा कि




सर्वोच्च पद पर पदासीन आदिवासी महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के चुनाव के समय कांग्रेस ने उन्हें वोट तक नही दिया। भाजपा ने अपने मंत्रिमंडल में 8 मंत्रियों एवं 3 राज्यपालों को पद प्रदान किया है, ये आदिवासी समाज हेतु गौरव का विषय है। स्वयं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि निमाड़-मालवा के गरीब परिवार से उठाकर बकरी चराने वाला ये बेटा सांसद के रूप में आज आदिवासी भाई-बहनों के लिए कार्य कर रहा है। यह भाजपा की देन है। आदिवासी समाज के अधिकतर लोग गांवो में निवास करते हैं। भाजपा द्वारा 44 लाख से ज्यादा आदिवासियों को आवास योजना में लाभ प्राप्त हुआ है। अब आदिवासी समाज पक्की छत के नीचे रहता है। किसानों के खातों में 12000 रुपए जमा होते हैं। किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पेसा कानून बनाकर उसे लागू करने का कार्य भाजपा ने किया है। सोलंकी ने कहा कि आदिवासी भाई-बहनों का विश्वास भाजपा के साथ है। इस अवसर पर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दीपक जैन टीनू, प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा, आलोक दुबे, प्रदेश मीडिया टीम सदस्य प्रेम व्यास, मीडिया प्रभारी रितेश तिवारी, सह मीडिया प्रभारी नितिन द्विवेदी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सोमवती अमावस्या से होगा दीपावली का सूर्योदय

## ◆ दीपोत्सव पर त्रिग्रही योग, दूसरे दिन नहीं होगा अन्नकूट



सनातन धर्म के सबसे बड़ा पर्व दीपावली का त्योहार इस बार उदयात तिथि में नहीं मनेगा। साथ ही इस प्रमुख पर्व पर त्रिग्रही योग बन रहा है, वहीं हर बार दीपपर्व के दूसरे दिन मनाया जाने वाले अन्नकूट महोत्सव इस बार दूसरे दिन नहीं होगा। साथ ही दीपावली का सूर्योदय सोमवार को यानि सोमवती अमावस्या से होगा। आयुष्मान योग होने के चलते इस बार बाजारों में धनवर्षा यानि जमकर ग्राहकी खरीददारी होगी।

अलर्क ज्योतिष वास्तु कर्मकाण्ड रिसर्च केन्द्र के स्वर्ण पदक प्राप्त ज्योतिषाचार्य - डॉ. पं. चन्द्रभूषण व्यास बताते हैं कि दीपावली वाले दिन (चौदस) चतुर्दशी दोपहर 2.45 बजे तक रहेगी उसके बाद अमावस्या सोमवार (सोमवती )को दोपहर 2.45 बजे तक रहेगी।

श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के प्रधान आचार्य डॉ पं. चन्द्रभूषण व्यास के मुताबिक दीपावली पर्व 12 नवंबर 2023 रविवार को मनाया जाएगा। दीपावली का यह पर्व वैसे हर बर्ष कार्तिक मास की अमावस्या को होता है। इस बार दीपावली पर त्रिग्रही योग में मनाई जाएगी। सूर्य, मंगल और चंद्र एक साथ तुला राशि में गोचर करेंगे। साथ ही सूर्य मंगल चंद्र योग से त्रिग्रही योग बन रहा है। इससे ऐश्वर्य-वैभव बढ़ेगा, धन धान्य में वृद्धि होगी।

वास्तु शास्त्री ज्योतिष रत्नाकर डॉ पं. चन्द्रभूषण व्यास ने बताया कि दीपावली पर इस बार व्यापारियों और महिलाओं के लिए चिंता का विषय है क्योंकि जो सुख सुविधा का ग्रह शुक्र है, वह कन्या राशि में नीचस्थ होकर बैठने से सुख सुविधा में हल्की कमी आ सकती है। राहु मीन में है और शनि स्वग्रही कुम्भ में होने से वाहनों की बिक्री ज्यादा होगी। सोने के भाव में उतार चढ़ाव बना रहेगा।

### दो तिथियों का संयोग

दीपावली इस बार दो तिथियां के संयोग में आ रही है। रिक्ता तिथि अर्थात चतुर्दशी पर शुरू होगी और सोमवती अमावस्या पर समाप्त होगी।

दीपावली के मुहूर्त इस प्रकार रहेंगे।

दीपावली महूर्त दि. 12 नवम्बर 2023, रविवार

सूर्योदय - 06.39 बजे सूर्यास्त - 05.43 बजे

चतुर्दशी दोपहर 2. 45 तक- अमावस्या दोपहर 2.46 से

अग्रांकित मुहूर्त चौघडि?ा के अनुसार लिये गये हैं ।

चर -प्रातः 08.02 बजे से 09.25 बजे तक

लाभ - प्रातः 09.25 बजे से 10.48 बजे तक

अमृत - प्रातः 10.48 बजे से 12.11 बजे तक

अभिजीत मुहूर्त - प्रातः 11.48 बजे से 12.33 बजे तक

शुभ - दोपहर 01.34 बजे से 02.57 बजे तक

शुभ - सायं 05.43 बजे से 07.20 बजे तक

गोधुली बेला(प्रदोष काल) - सायं 05.46 बजे से 08.26 बजे तक

अमृत - रात्रि 07.20 बजे से 08.57 बजे तक

चर - रात्रि 08.57 बजे से 10.34 बजे तक

### अमावस्या के मुहूर्त

दीपावली मुहूर्त लग्नानुसार

वृश्चिक लग्न - प्रातः 07.20 बजे से 9.37 बजे तक

कुम्भ लग्न - दोपहर 01.24 बजे से 02.53 बजे तक

वृषभ लग्न - सायं 06.00 बजे से रात्रि 07.56 बजे तक

सिंह लग्न - रात्रि 12.27 बजे से रात्रि 02.41 बजे तक

(1) 12/11/2023, रविवार को चतुर्दशी दोपहर 2.45 पर्यन्त दीपावली मुहुर्त प्रशस्त रहेंगे।

(2) उपरोक्त महुर्त में चौघड़ियों का मान लगभग 1 घण्टा 23 मिनिट है।

अन्नकूट - दिनांक 14 नवम्बर 2023 मंगलवार

भाई दूज दिनांक 15 नवम्बर 2023 बुधवार



ज्योतिषाचार्य - डॉ. पं. चन्द्रभूषण व्यास

संस्था अध्यक्ष - प्रेगो फाउण्डेशन फॉर सोशल एक्टीविटिज समिति

# केंद्रीय मंत्री की कार से टकराई बाइक, टीचर की मौत

◆ छिंदवाड़ा में प्रह्लाद पटेल की गाड़ी से हादसा; तीन बच्चे गंभीर, नागपुर रेफर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल की कार एक बाइक से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार टीचर की मौत हो गई, जबकि तीन बच्चे गंभीर घायल हैं। केंद्रीय मंत्री के पैर में मामूली चोट आई है।**

हादसा अमरवाड़ा के पास मंगलवार शाम करीब 4 बजे हुआ। मंत्री पटेल छिंदवाड़ा में चुनावी कार्यक्रम निपटाकर नरसिंहपुर लौट रहे थे।

एएसपी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि राजकुमार की शिकायत पर वाहन चालक मखवन पहलवान निवासी जबलपुर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वाहन (एमपी 04ईवी 0999) जब्त किया है।

पुलिस ने बताया कि निरंजन चंद्रवंशी (35) प्राइवेट हायर सेकंडरी स्कूल में टीचर थे। वे अपनी बाइक पर बेटे निखिल (7) समेत स्कूल के दो स्टूडेंट्स-संस्कार (10) और जतिन (17) के साथ भूला गांव स्थित अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक सामने से आ रही मंत्री की कार से टकरा गई। पुलिस के मुताबिक, बाइक रॉन्ग साइड पर थी। घटनास्थल पर पहुंचे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मंत्री पटेल के खिलाफ नारेबाजी की।



### तीनों बच्चे नागपुर रेफर, दो के सिर में चोट

हादसे में घायल हुए तीनों बच्चों को छिंदवाड़ा के जिला अस्पताल ले जाया गया। जतिन और निखिल के सिर में गंभीर चोट आई हैं। तीनों बच्चों को नागपुर रेफर कर दिया गया है। वहीं, मंत्री पटेल कुछ देर बाद दूसरे वाहन से नरसिंहपुर निकल गए। छिंदवाड़ा से भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू और कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ ऑक्टे घायलों का हाल जानने जिला अस्पताल पहुंचे थे।

### देर रात जांच के लिए अस्पताल पहुंचे पटेल

रात करीब 10 बजे केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल जांच के लिए जबलपुर पहुंचे। यहां प्राइवेट अस्पताल में उनकी एमआरआई कराई गई। पटेल ने कहा, 'मैं ठीक हूं, फिर भी एहतियातन जांच हो जानी चाहिए।'

# एक हफ्ते में चौथी बार आ रहे मोदी

## दमोह, गुना और मुरैना में जनसभा को करेंगे संबोधित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले एक सप्ताह में चौथी बार मध्यप्रदेश आ रहे हैं। बुधवार को मोदी तीन जिलों में दमोह, गुना और मुरैना में जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले मोदी 4 नवंबर को रतलाम, 5 नवंबर को सिवनी मालवा और 7 नवंबर को सीधी में चुनावी सभा की थी।**



दमोह में करीब 40 मिनट तक सभा को संबोधित करेंगे। यहां 45 एकड़ मैदान में 2 लाख 40 हजार वर्गफीट में डोम तैयार किया गया है। मंच पर दमोह जिले की चार विधानसभा दमोह, हटा, पथरिया और तेंदूखेड़ा के अलावा सागर संभाग की रहली, देवरी, बंडा और पवई विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी मौजूद रहेंगे। गुना में दोपहर 1.30 बजे पीएम नरेंद्र मोदी दशहरा मैदान पर चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। यहां तीन जिलों अशोकनगर, गुना और शिवपुरी जिले के 10 विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशी शामिल होंगे। उनके साथ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था में करीब 1200-1300 का पुलिस बल तैनात किया गया है। मुरैना में दोपहर 4:00 बजे परेड ग्राउंड पर सभा करेंगे। उनके साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर भी मौजूद रहेंगे। सभा में भिंड-मुरैना और ग्वालियर तीनों जिलों के 16 विधानसभाओं के प्रत्याशी रहेंगे।

### पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में बसपा सुप्रीमो करेंगी जनसभा

**सतना।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती आज गुरूवार को सतना आएंगी। वे बीटीआई मैदान में बसपा प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। इस सभा में सतना जिले की सात विधानसभा सीटों से लोग शामिल होंगे। इन सीटों पर बसपा के टिकट पर सतना से रत्नाकर चतुर्वेदी शिवा, नागौद से यादवेन्द्र सिंह, चित्रकूट से सुभाष शर्मा डोली, रैगांव से देवराज अहिरवार, रामपुर से मणिराज पटेल, अमरपाटन से छंगेलाल कोल और मैहर से वीरेंद्र कुशवाहा चुनाव लड़ रहे हैं।

### मप्र में कांग्रेस ने दूरी बनाई, यूपी में हम बनाएंगे

**निवाड़ी।** निवाड़ी जिले में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कांग्रेस से गठबंधन की बात को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि यह तो अच्छा हुआ कि कांग्रेस ने हमें पहले ही अलग कर दिया। कांग्रेस पार्टी को धन्यवाद देते हैं। उत्तरप्रदेश में हम भी कांग्रेस से दूरी बना लेंगे। निवाड़ी पहुंचने पर अखिलेश यादव ने सबसे पहले ओरछा में श्रीरामराज सरकार के मंदिर के दर्शन किए। नुक्कड़ सभा में जनता को संबोधित किया। निवाड़ी जिले के विधानसभा के प्रत्याशियों को छोड़कर उनके इर्दगिर्द उत्तरप्रदेश के ही बाहुबली नजर आए।

अरुण यादव ने भाजपा पर साधा निशाना; बोले-

# 18 साल प्रदेश में है घोटाले की सरकार

**खंडवा।** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के मूंदी में मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता अरुण यादव चुनावी जनसंपर्क के दौरान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं सहित मीडिया से चर्चा के दौरान प्रदेश की भाजपा सरकार सहित मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और ज्योतिरादित्य सिंधिया पर भी जमकर निशाना साधा।

उन्होंने प्रदेश की 18 साल की भाजपा सरकार को घोटाले की सरकार बताते हुए व्यापम को महा घोटाला बताया। वहीं, इस विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बनने और उसे पांच साल तक मजबूती के साथ चलाने का भी दावा किया। इसके साथ ही उन्होंने सिंधिया को झूठा बताते हुए अंग्रेजों के साथ मिलकर देशभक्तों के खिलाफ लड़ने वाला बताया। जनसंपर्क दौरे के दौरान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता अरुण यादव मंगलवार की दोपहर खंडवा जिले की मांधाता विधानसभा के मूंदी क्षेत्र में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं संग चुनावी रणनीति पर चर्चा की। वहीं मीडिया से चर्चा करते हुए भाजपा सरकार और शिवराज सिंह चौहान सहित ज्योतिरादित्य सिंधिया पर भी जमकर निशाना साधा।



उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में 2018 में भी जनता ने कांग्रेस को मेंडेट दिया था और कमलनाथ जी हमारे मुख्यमंत्री बने थे। एक मजबूत सरकार चलाने का हमारा लक्ष्य था, लेकिन उस सरकार को तोड़ मरोड़ कर, खरीद फरोक्त कर के गिरा दिया गया, लेकिन 2023 में मध्य प्रदेश में बदलाव की बयार है और मेरा ऐसा अनुमान है कि समूचे मध्य प्रदेश में हम दो तिहाई बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनाएंगे। अनेक मुद्दे हैं ऐसी भ्रष्ट सरकार के खिलाफ। पिछले 18 सालों में शिवराज सिंह के नेतृत्व में भाजपा ने सरकार चलाई। वह भ्रष्टाचार और घोटालों की सरकार थी। प्रदेश का कोई वर्ग ऐसा नहीं बचा जो पिछले पांच सालों में सरकार के खिलाफ आंदोलन नहीं करा हो। हर वर्ग को लूटने का काम सरकार ने किया है और यह लूट की सरकार थी, तो मुझे पूरी उम्मीद है कि हम सब लोग मिलकर पूर्ण बहुमत से प्रदेश में आएंगे और एक मजबूत सरकार पांच साल तक चलाएंगे।

हालांकि इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी के कांग्रेस को सरकार बनाकर एटीएम की तरह लूटने के बयान पर उन्होंने कहा कि यह लूट कहां हो रही है, वो ये बता दें पिछले 18 सालों में भाजपा की लूट की सरकार रही। घोटालों की सरकार रही। व्यापम जैसे महा घोटाले यहां हुए। आज इस वजह से हमारा मध्य प्रदेश का नौजवान बेरोजगार घूम रहा है और यह तो उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली बात हो गई। 18 साल आपकी सरकार रही। घोटाले आपके राज में हुए और तीन लाख करोड़ का कर्ज प्रदेश की जनता पर लाद दिया, तो भ्रष्टाचार तो आपने और आपकी सरकार ने किया है। हम तो इस भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए आए हैं।

# साढ़े तीन साल बाद मिला लापता बेटा

## पुलिस ने सौंपा तो परिवार के खुशी के आंसू छलक पड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। ग्वालियर में पुलिस का एक और चेहरा सामने आया है। कोरोना से पहले यूपी के गोरखपुर से लापता हुए युवक को पुलिस ने उसके घर तक पहुंचाया है। इन साढ़े तीन साल में युवक के परिजन भी आस छोड़ चुके थे कि उनका बेटा वापस आएगा, लेकिन दो दिन पहले एक फोन की घंटी ने मानों उनकी दुनिया बदल गई।**

जैसे ही उनको पता लगा कि ग्वालियर में उनका बेटा मिला है। इसके बाद युवक का भाई, मामा व अन्य परिजन ग्वालियर आए । युवक दिमागी रूप से हल्का कमजोर है। इन साढ़े तीन साल में उसके साथ क्या घटा? उसे याद नहीं है। बस इतना बता रहा है कि मुरैना से कोई उसे गाड़ी में बैठाकर यहां लाया था।

ग्वालियर के बेहट थानाक्षेत्र स्थित घुसगुवां गांव में राजेश कुशवाह के बाजरे के खेत में 2 नवंबर को एक लडका डरा और सहमा से बैठा मिला था। सूचना मिलते ही बेहट थाना प्रभारी सुरेश कुशवाह स्पॉट पर पहुंचे और खेत में मिले युवक को थाने लेकर आए। युवक को थाने में लाकर नहलाया और खाना खिलाया तो उसने अपना नाम प्रदुमन पासवान बताया और स्वयं को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर गोरावर गांव का रहने वाला बताया।

पुलिस ने युवक को नये कपड़े दिलवाए और प्यार से पूछताछ की तो उसने पिता का नाम विजय पासवान बताया। युवक थोड़ा मंदबुद्धि होने से उसे ज्यादा कुछ याद नहीं था। पुलिस द्वारा युवक से पूछने पर कि कहां से आए हो और यहां कैसे पहुंचे तो वह सिर्फ इतना बता रहा था कि मुरैना से मुझे एक व्यक्ति गाड़ी में बैठाकर लाया और यहाँ छोड़ दिया।

### गांव के सरपंच से राजनीतिक दुश्मनी के चलते छुपाई बात

संतोष पटेल नेखेत में मिले युवक के संबंध में पुलिस अधीक्षक ग्वालियर राजेश सिंह चंदेल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उत्तर अमृत मीना को अवगत कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर एसडीओपी बेहट संतोष कुमार पटेल द्वारा थाना बेहट पुलिस को उसके गांव के सरपंच का नाम व मोबाइल नम्बर ज्ञात करने के लिए लगाया गया। पुलिस ने नेट पर गोरावर गांव के सरपंच का मोबाइल नंबर निकालकर बात कि लेकिन सरपंच ने राजनीतिक दुश्मनी के कारण उसके परिजन को सूचना नहीं दी।

### स्वर्ग सदन के सहयोग से तलाशा प्रदुमन का घर

पुलिस ने युवक को आश्रम स्वर्ग सदन में रुकवाया। स्वर्ग सदन की टीम ने अपनी गोरखपुर शाखा के माध्यम पता लगवाया तो पांचवें दिन मानसिक विक्षिप्त बालक के मामा, भाई व चाचा ग्वालियर पहुंचे जो पिछले साढ़े तीन सालों में उम्मीद खो चुके थे लेकिन आज उनकी आंखों में अपने भाई को देखकर खुशी के आंसू थे। परिजन ने बताया कि वर्ष 2020 में कोरोना के लॉकडॉउन लगने से पहले ग़ायब हो गया था जो आज मिला। उसके एक भाई की सडक दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी थी।

आश्रम स्वर्ग सदन से युवक को परिजन अपने साथ ले गये और ग्वालियर पुलिस को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर एसडीओपी बेहट संतोष कुमार पटेल भी उपस्थित थे। पुलिस व आश्रम स्वर्ग सदन की मानवता व धैर्य की बदौलत साढ़े तीन साल बाद परिजन के चेहरे में ख़ुशी आई और ग्वालियर पुलिस की सजगता और त्वरित कार्यवाही से अपने परिजन से बिछड़ा युवक अपनों से मिल सका।

Uttarpradesh

# दिल दहलाने वाली तस्वीर: बहन का शव पीठ पर बांधा और बाइक से ले गया युवक; 15 मिनट तक हर कोई देखता रहा नजारा

**औरैया, (एजेंसी)** औरैया जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की हालत कितनी बदतर है, इसका उदाहरण यहां सीएचसी में देखने को मिला। पानी गर्म करने के लिए बाल्टी में डाली गई रॉड छू जाने से नवीन बस्ती पश्चिमी निवासी प्रबल प्रताप सिंह की पुत्री अंजलि (20) बेसुध हो गई।

परिजन की नजर पड़ने पर उसे बेसुध हालत में सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने युवती को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद जो हुआ उसे सीएचसी परिसर में मौजूद लोग एक टक देखते रहे। शव ले जाने के लिए कोई साधन नहीं मिला तो भाई ने शव बाइक पर रखा। दूसरी बहन पीछे बैठी।

बीच में मृत बहन का शव भाई ने दुपट्टे से पीठ पर बांधा और घर के लिए रवाना हो गया। तकरीबन 15 मिनट तक हर किसी की निगाहें इस पूरे घटनाक्रम पर टिकी रहीं। जानकारी के अनुसार,



मंगलवार को बाबूराम मोहनलाल महाविद्यालय के पास नवीन बस्ती पश्चिमी में रहने वाली अंजलि नहाने के लिए पानी गर्म करने के लिए कमरे में गई।

जहां बाल्टी में इलेक्ट्रानिक रॉड डाल रखी थी। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गई। परिजन ने जब बाल्टी के पास अंजलि को पड़ा देखा तो वो उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां मौजूद चिकित्सक ने अंजलि को मृत घोषित कर दिया। युवती की मौत के बाद परिजन बिलख पड़े। डॉक्टर से बिना पोस्टमार्टम के शव घर ले जाने की बात कहकर बाहर निकले। अंजलि के भाई आयुष, पिता प्रबल व दूसरी बहन बाइक से थे। अंजलि की मौत ने इतना झकझोरा कि एंबुलेंस की ओर परिजन का ध्यान ही नहीं गया। किसी ने एंबुलेंस व्यवस्था होने को लेकर शायद ही ध्यान दिलाया हो। आयुष बाइक पर बैठा। दूसरी बहन पीछे बैठी। बीच में पिता ने अंजलि का शव रखा। संतुलन न बिगड़े इसके लिए दुपट्टे से अंजलि का शव भाई आयुष ने पीठ पर बांध लिया। तकरीबन 15 से 20 मिनट तक यह सब सीएचसी परिसर में चलता रहा। हर किसी की निगाहें बाइक पर टिकी रहीं।

इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक का कहना था कि शव ले जाने के लिए वाहन मांगा जाता तो जरूर दिया जाता।

Maharashtra

## पुल से चलती मालगाड़ी पर जा गिरी कार, तीन लोगों की हो गई मौत

**ठाणे, (एजेंसी) महाराष्ट्र में कर्जत और पनवेल रेलवे स्टेशनों के बीच मंगलवार सुबह एक कार पुल से चलती मालगाड़ी पर गिर गई, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए. पनवेल पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना सुबह 3.30 से 4 बजे के बीच हुई जब कार मुंबई-पनवेल राजमार्ग पर नेरल की ओर जा रही थी.**

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान धर्मानंद गायकवाड़ (41) और उनके चचेरे भाई मंगेश जाधव (46) और नितिन जाधव (48) के रूप में हुई. पुलिस के मुताबिक, गायकवाड़ रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) के कार्यकर्ता थे. वहीं, इस घटना को लेकर मध्य रेलवे (सीआर) के जनसंपर्क निदेशक डॉ. शिवराज मानसपुरे ने कहा कि मालगाड़ी पनवेल से रायगढ़ जिले के कर्जत की ओर जा रही थी और घटना के कारण इसके कुछ डिब्बे अलग हो गए. उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारण सीआर राजमार्ग का पनवेल-कर्जत मार्ग तड़के 3.43 बजे से सुबह 7.32 बजे तक बंद रहा. उन्होंने कहा कि घटना के कारण केवल हुबली-दादर एक्सप्रेस (17317) को कर्जत-कल्याण मार्ग से परिवर्तित किया गया था.

साभार आज तक

P. Bangal

## ममता के भतीजे को ED ने भेजा समन, अभिषेक बनर्जी को 9 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया है। उनसे 9 नवंबर को पूछताछ की जाएगी। सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक, अभिषेक बनर्जी इस पूछताछ में शामिल होंगे। हालांकि, अभी तक यह पता नहीं चल सकता है कि उन्हें किस मामले में समन भेजा गया है।

आपको बता दें कि इससे पहले भी अभिषेक बनर्जी को ईडी ने नोटिस भेजा था। बीते तीन अक्टूबर को स्कूल भर्ती घोटाले में पूछताछ के लिए तलब किया गया था।

Manipur

## कुकी गांव में पहुंचे दो मैतेई किशोर अगवा; KRA से जुड़े दो शख्स गिरफ्तार, पुलिस को हत्या का संदेह

**इंफाल, (एजेंसी)** मणिपुर के पश्चिमी इंफाल जिले में पांच नवंबर को दो किशोर के लापता होने के मामले में पुलिस ने कुकी क्रांतिकारी सेना (केआरए) के दो शख्स को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार, दोनों आरोपियों की पहचान लंकोशी चोंगई और सतगोगीन हंगसिंग के तौर पर की गई है। पुलिस को दोनों किशोरों की हत्या का भी संदेह है। इस मामले में पुलिस ने कहा, 'पांच नवंबर को दो किशोरों के लापता होने के मामले में मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बल ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में रखा गया है। अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है।' दोनों किशोर 19 वर्षीय एंथनी उर्फ टेम्बा और 16 वर्षीय एम अभिनाश उर्फ खाबा रविवार को अपने घर से 15 किमी दूर उत्तर की तरफ अवांग सेकमई में एक मीटिंग में शामिल होने के लिए निकले। पुलिस ने बताया कि दोनों को आखिरी बार गामगीफाई गांव में देखा गया था, जिसके बाद से ही लगातार उनका फोन बंद आने लगा। यह गांव कुकी समुदायों का गांव है, पुलिस को संदेह है कि दोनों किशोरों को गांव में अपहरण कर लिया गया है।

खेल

# अकेले मैक्सवेल के दम पर ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में पहुंचा, अफगानिस्तान तीन विकेट से हारा

**मुंबई, (एजेंसी) वनडे विश्व कप 2023 के 39वें मैच में ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान को तीन विकेट से हरा दिया है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 291 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट पर 293 रन बना लिए और मैच जीत लिया।**

ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान को तीन विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही कंगारू टीम ने सेमीफाइनल में पहुंच गई है। ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में पहुंचने वाली तीसरी टीम है। अब चौथे स्थान के लिए न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच मुकाबला होगा। इस मैच में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 291 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट पर 293 रन बना लिए और मैच जीत लिया।



अफगानिस्तान के लिए सबसे ज्यादा नाबाद 129 रन इब्राहिम जादरान ने बनाए। राशिद खान ने 35 रन की नाबाद पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड ने दो विकेट लिए। मिचेल स्टार्क, ग्लेन मैक्सवेल और एडम जैम्पा को एक-एक विकेट मिला। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के लिए अकेले ग्लेन मैक्सवेल ने नाबाद 201 रन बना दिए। मिचेल मार्श ने 24 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान के लिए नवीन उल हक, अजमतुल्लाह ओमरजई और राशिद खान ने दो-दो विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलिया ने 91 रन पर अपने सात विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद मैक्सवेल ने पैट कमिंस के साथ 202 रन की नाबाद साझेदारी कर अपनी टीम को जीत दिला दी। यह इस विश्व कप का पहला दोहरा शतक था।

सिनेमा

## नोएडा पुलिस के सामने पेश हुए एल्विश यादव, तीन घंटे तक चली पूछताछ



नोएडा। रेव पार्टी में सांपों के जहर सप्लाई करने के मामले में बिग बॉस विजेता एल्विश यादव नोएडा पुलिस के सामने पेश हुआ। नोएडा के सेक्टर 20 थाना पुलिस ने एल्विश यादव से तीन घंटे पूछताछ की। एल्विश यादव देर रात नोएडा पुलिस के पास पहुंचा था। पुलिस ने उससे तीन घंटे से अधिक पूछताछ की। मंगलवार को ही नोएडा पुलिस ने एल्विश यादव को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया था।

जानकारी के मुताबिक, आधी रात करीब दो बजे एल्विस यादव कोतवाली सेक्टर 20 पहुंचा था और वहां उसे पुलिस की टीम ने पूछताछ की। इस दौरान सांपों का जहर सप्लाई करने के मामले में कई सवाल पूछे गए। अब दोबारा एल्विश यादव से पूछताछ की जाएगी और उसे फिर से बुलाया गया है। गिरफ्तार आरोपी राहुल के रिमांड मिलने के बाद पुलिस एल्विश को उसके सामने बिठाकर पूछताछ कर सकती है।

रेप पार्टी में सांपों का जहर सप्लाई करने के मामले में घिरे एल्विश यादव को नोएडा पुलिस ने मंगलवार को नोटिस भेज कर पूछताछ के लिए बुलाया था। इस मामले में गिरफ्तार पांचों आरोपियों की पुलिस कस्टडी रिमांड की सुनवाई कोर्ट में जारी है। इस मामले में पुलिस की टीम जांच में जुटी हुई है।

## संपादकीय

# क्या ये 'आचार संहिता का उल्लंघन' नहीं है?

हर चुनाव से पहले इस योजना की घोषणा करना क्या 'आचार संहिता का उल्लंघन' नहीं है? चूंकि योजना 2020 से निरंतर जारी है, लिहाजा प्रधानमंत्री किसी भी मौके पर समय-सीमा में बढ़ोतरी की घोषणा करने को स्वतंत्र हैं? बेशक यह योजना 'राष्ट्रीय' है, लेकिन चुनाव वाले क्षेत्रों में औसत मतदाता एक हद तक प्रभावित तो होते हैं। बहरहाल इन सवालों पर तो चुनाव आयोग मंथन करेगा और जरूरी महसूस हुआ, तो देश को भी बताएगा। दरअसल राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून में अनाज मुहैया कराने के कई प्रावधान हैं। मकसद है कि कोई भी नागरिक भूखा न सोने पाए। इसका भी एक ईमानदार सर्वेक्षण किया जाना चाहिए। गरीबी-रेखा के नीचे वाले वर्ग को हर महीने 5 किलो अनाज प्रति पारिवारिक सदस्य सबसिडी दरों पर आवंटित किया जाता है। उसके अतिरिक्त यह 5 किलो मुफ्त अनाज माहवार मुहैया कराया जाता है। इसमें गेहूं, चावल, एक किलो दाल या चना, नमक आदि होता है। इस खाद्यान्न पर भी भारत सरकार लाखों करोड़ रुपए की सबसिडी खर्च कर चुकी है। सरकार के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी प्रधानमंत्री मोदी को अर्थव्यवस्था के प्रति आगाह कर चुके हैं। उसके बावजूद इस बार पूरे 5 साल के लिए मुफ्त अनाज की अवधि बढ़ा दी गई है। इससे प्रति वर्ष 2 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त सबसिडी का बोझ बढ़ेगा। प्रधानमंत्री गरीबों के कल्याण और हर पेट को खाने की तुलना में सबसिडी को क्षुद्र मानते हैं। यह खर्च आगामी वित्त वर्ष के बजट में जोड़ा जाएगा। यह ऐसा मुद्दा है, जिस पर विपक्ष और बौद्धिक वर्ग सवाल तो करते हैं, लेकिन जमकर विरोध नहीं कर पाते, क्योंकि यह 80 करोड़ से अधिक नागरिकों की भूख और खाद्यान्न से जुड़ा मुद्दा है। इससे गरीबी-उन्मूलन के दावों के विरोधाभास भी उभर कर सामने आते हैं। प्रधानमंत्री दावा करते रहे हैं कि उनकी सरकार ने 13.5 करोड़ से ज्यादा लोगों को गरीबी की परिधि से बाहर निकाला है, जबकि आरएसएस के सरकार्यवाह (महासचिव) अपना आकलन दे चुके हैं कि आज भी करीब 23.5 करोड़ नागरिक देश में ऐसे हैं, जो रोजाना 375 रुपए कमाने में भी असमर्थ हैं। दरअसल जो महिलाएं और पुरुष मुफ्त अनाज लेने जाते हैं, वे सभी बहुत गरीब हैं, ऐसा नहीं है। महिलाएं घरों और फैक्टरियों में काम करती हैं। पुरुष कोई न कोई काम जरूर कर रहा है। उनके नाबालिग बच्चे भी स्थानीय दुकानों और ढाबों पर दिहाड़ी करते हैं। इसलिए मोदी सरकार को प्राथमिकता के आधार पर गरीबी पर व्यापक सर्वेक्षण कराना चाहिए। देश के 80 करोड़ से अधिक गरीबों को 5 किलो मुफ्त अनाज अब आगामी 5 सालों तक भी मिलता रहेगा। खुद प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ चुनाव प्रचार के दौरान इसकी घोषणा की है। यह योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत है और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का भी हिस्सा है। यह योजना कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान मात्र तीन माह के लिए लागू की गई थी, लेकिन लगातार छठी बार इसकी समय-सीमा बढ़ाई गई है। संयोग है अथवा राजनीति है कि जब भी मुफ्त अनाज बांटने की अवधि बढ़ाई गई, तब कोई न कोई चुनाव सामने होता था। प्रधानमंत्री और भाजपा ने इसी योजना के जरिए एक ऐसा लाभार्थी वर्ग तैयार कर लिया है, जो उनके पक्ष में ही वोट डालता है। दूसरी योजनाओं की भी लाभार्थी-भूमिका पुख्ता की जा रही है। दरअसल इसी साल जनवरी, 2023 में मुफ्त अनाज की अवधि बढ़ाई गई, क्योंकि मई में कर्नाटक विधानसभा चुनाव थे। दिसंबर, 2021 में अवधि बढ़ाई गई, क्योंकि फरवरी, 2022 से पंजाब, उप्र, उत्तराखंड, गोवा, मणिपुर में विधानसभा चुनाव होने थे। पंजाब छोड़ कर भाजपा शेष सभी राज्यों में विजयी हुई और सरकारें बनाईं। नवम्बर, 2020 में मुफ्त अनाज बांटने की अवधि जून, 2021 तक की गई थी, क्योंकि मार्च-अप्रैल, 2021 में बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी में चुनाव थे। भाजपा बंगाल, केरल, तमिलनाडु सरीखे बड़े राज्यों में पराजित हुई।

### अर्ज किया है..!

*तुझे तरस क्यूँ नहीं आता?*
*मेरे साथ बेरुखी करते हुए,*
*तेरा गिला खुदा से कैसे करूँ..?*
*तुझे माँगा भी तो उसी से है..!*

॥ जय सियाराम ॥
MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

## झूठ बोलकर जीत जाने से बेहतर है... सच बोलकर हार जाना...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## ज्ञान-विज्ञान




शनि ग्रह हमारे सौर मंडल का छठा ग्रह है, जो अपनी रिंग के लिए जाना जाता है। शनि की रिंग करोड़ों पत्थरों और बर्फीले पिंडों से बनी है। जो लगातार शनि ग्रह का चक्कर लगा रहे होते हैं। एक टेलीस्कोप के जरिए धरती से भी इसे देखा जा सकता है। सदियों से इसने खगोलविदों और अंतरिक्ष प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित किया है। लेकिन अब हाल के एक अध्ययन में पता चला है कि यह गायब हो जाएंगी। हालांकि ऐसा होने में लाखों साल लगेंगे। लेकिन 2025 में एक ऑप्टिकल इल्यूजन के कारण यह नजरों से गायब हो सकते हैं। यह रहेंगे अपनी जगह पर, लेकिन इन्हें देखना मुश्किल होगा।

शनि पृथ्वी की एक सीधी रेखा में नहीं है। यह लगभग 9 डिग्री के कोण पर झुका हुआ है। 2024 तक कोण घटकर लगभग 3.7 डिग्री रह जाएगा। हालांकि 2025 में कुछ हैरान करने वाली घटना होगी। शनि के पृथ्वी से दूर जाने के कारण इसकी धुरी अपनी वर्तमान झुकी हुई अवस्था से एक वर्टिकल स्थिति में आ जाएगी। इस बदलाव के कारण शनि के छल्ले पृथ्वी के समानांतर एक पतली क्षैतिज पट्टी की तरह दिखेंगे। इस कारण इन्हें पृथ्वी से देखना मुश्किल हो जाएगा।

### कब तक नहीं दिखेंगे छल्ले

यह ऑप्टिकल भ्रम 2032 तक बना रहेगा। जब छल्लों के नीचे का भाग दिखने लगेगा तो एक बार फिर हमें रात में दिखाई देगा। वैज्ञानिकों के मुताबिक शनि की रिंग 2 लाख 81 हजार किमी चौड़ी है। हालांकि यह लगभग सिर्फ एक किमी ही मोटी है। इस कारण जब रिंग पृथ्वी की सीध में होगा तो इसे देखना मुश्किल होगा और हमें लगेगा कि शनि की कोई रिंग नहीं है। शनि ग्रह के प्रमुख रूप से सात छल्ले हैं।

### शनि से जुड़ी खास बातें

वैज्ञानिकों के मुताबिक शनि के छल्ले तब बने जब धरती पर डायनासोर रहते थे। माना जाता है कि ये छल्ले धूमकेतुओं और एस्टेरॉयड के अवशेष हैं, जो कभी ग्रह की सतह पर नहीं पहुंचे। इन्हें शनि के शक्तिशाली गुरुत्वाकर्षण ने तोड़ दिया। शनि एक विशाल गैसीय ग्रह है। यह सूर्य से दूर छठा ग्रह है। सूर्य और शनि के बीच की दूरी 88.6 करोड़ किमी है। वहीं पृथ्वी से शनि की दूरी 79.3 करोड़ किमी है। शनि आकार के हिसाब से पृथ्वी से साढ़े नौ गुना बड़ा है।

## Highlights

- **Amit Shah has narrow escape as his 'rath' touches live wire in Rajasthan**
- **Disgusting & utterly vulgar: NCW chief Rekha on Bihar CM's 'ejaculate outside' remark**
- **Fraud-accused firm allegedly linked to Maha minister bags contract**
- **Video shows YouTuber lighting black snake firecracker on railway track; Railways reacts**
- **ED arrests ex-J&K minister Singh in fraud case, wife gets emotional**
- **K'taka HC takes suo moto cognisance of medical staff shortage**

# DGCA issues show cause notice to Air India. Here's why

**NEW DEIHI, (Agency).** The Directorate General of Civil Aviation (DGCA) on Tuesday issued a showcause to Air India for not facilitating passengers with denied boarding.

The aviation regulator in a statement said it had issued CAR Section 3, Series M part IV titled "Facilities to be provided to the passengers by airlines due to denied boarding, cancellation of flights and delays in flights" in 2010 which were revised from time to time to ensure appropriate protection for air travellers in case of flight disruptions and in




particular, denied boardings, flight cancellations and delays.

The DGCA said it carried out inspections of scheduled domestic airlines at various major airports on a continuing basis since May 2023. "During the inspections of the airlines, it was observed that Air India was not complying with the provisions of the relevant CAR. Accordingly, a show cause notice has been issued to Air India seeking their response for non-compliance to the provisions of the CAR", the DGCA statement accessed by ANI read.

"It may be recalled that similar inspections had earlier been carried out at major airports last year also and on ground of similar non-compliance by Air India with the provisions of CAR on Denied Boarding of passengers, a penalty of ₹10,00,000/- was imposed on Air India for the violations", the DGCA statement added.

# 7 को खुला 9 नवंबर को बंद

## 12.91 लाख इक्विटी शेयर जारी होंगे

**अहमदाबाद। स्थित फार्मास्युटिकल कंपनी सनरेस्ट लाइफसाइंस लिमिटेड ने अपने एसएमई पब्लिक इश्यू से 10.85 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बनाई है। आईपीओ 7 नवंबर को सदस्यता के लिए खुला है। यह पब्लिक इश्यू 9 नवंबर को बंद हो जाएगा।**

32 उत्पादों के लिए 18 पंजीकृत ट्रेडमार्क के साथ सनरेस्ट ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद वितरित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी अपने उत्पादों का निर्माण थर्ड पार्टी फार्मा उत्पाद निमार्ताओं से कराती है, जिसमें सनरेस्ट समूह की कंपनी ट्रिलेंड फार्मा. प्रा.लि.(ट्राइलेंड) भी शामिल है। कंपनी के गुजरात, पंजाब, महाराष्ट्र, हरियाणा और मध्य प्रदेश आदि में थर्ड पार्टी निर्माता हैं। निखिल कुमार ठक्कर, अमित भाई ठक्कर, भाग्येश पारेख और भरत कुमार ठक्कर कंपनी के प्रमोटर हैं। इश्यू के बाद प्रमोटर की हिस्सेदारी 69.91 फीसदी होगी। वित्त वर्ष 22-23 के लिए कंपनी ने 24. 67 करोड़ का कुल राजस्व और 2.04 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया। 30 जून 2023 तक रिजर्व्स और सरप्लस 86.6 लाख, कुल संपत्ति 17.06 करोड़ और नेटवर्थ रु. 3.86 करोड़ रुपए है। कंपनी के शेयर एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। कंपनी को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के इमर्ज प्लेटफॉर्म पर अपना आईपीओ लॉन्च करने की मंजूरी मिल गई है। मार्क कॉरपोरेट एडवाइजर्स प्रा. लि. इस इश्यू के लीड मैनेजर है। आईपीओ में 10 रु. के अंकित मूल्य के 84 रु. प्रति शेयर (प्रीमियम सहित) के 12.91 लाख इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू शामिल है, जिसका मूल्य कुल मिलाकर 10.85 करोड़ है। आईपीओ के लिए रिटेल आवंटन प्रत्येक इश्यू का 50 फीसदी रखा गया है। 2017 में स्थापित सनरेस्ट लि. स्वास्थ्य और व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों की एक विविध श्रृंखला प्रदाता है। इसमें कैप्सूल, सिरप, ड्राई पाउडर, टूथपेस्ट सहित उत्पाद पोर्टफोलियो में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-हाइपरटेंसिव ड्रग्स, कॉस्मेटिक, मल्टी विटामिन, मल्टीमिनरल और एंटी- इन्फ्लेमेटरी जैसी दवाओं की विस्तृत श्रृंखला है।

# PricewaterhouseCoopers to trim 600 UK jobs after resignations decline

**NEW DEIHI, (Agency).** IPricewaterhouseCoopers LLP is to slash as many as 600 jobs in the UK in response to a fall in the number of staff leaving the accounting giant to work elsewhere.

The firm, which has 25,000 UK staff, is set to launch a voluntary redundancy program for between 500 and 600 employees, according to a person familiar with the plans. It will move to cut jobs if not




enough workers opt for voluntary redundancy. The bulk of the cuts will be aimed at the advisory division, the person said.

PwC is the latest of the Big Four to announce plans to trim its workforce. Staff at the large auditors are opting to stay put rather than move jobs due to a slowdown in deal making and concerns about the economy.

The percentage of staff handing in their notice each year, known as the attrition rate, has fallen to about 10% at PwC, said the person with knowledge of the plans, which were first reported by the Financial Times.

# लिव इन पार्टनर ने युवती का गर्भपात कराया

## ◆ शादी करने का कहा तो जान से मारने की धमकी दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बुटिक कर्मचारी से रेप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने जूनी इंदौर पुलिस से मामले की शिकायत की है। बताया जाता है कि आरोपी ने शादी तुड़वाकर पीड़िता को अपने साथ लिव-इन में रख लिया। इसके बाद आरोपी उसके साथ संबंध बनाता रहा। पीड़िता जब गर्भवती हुई तो आरोपी ने उसका गर्भपात करवा दिया। इसके बाद भी उससे संबंध बनाता रहा। जब पीड़िता ने शादी की बात की तो वह मुकर गया। बाद में युवती ने परेशान होकर मामला दर्ज कराया।

जूनी इंदौर पुलिस के मुताबिक 21 साल की पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि वह एक बुटिक पर काम करती है। सुनील माले से छह साल पहले उसकी पहचान हुई। इसके बाद दोनों के बीच अफेयर हो गया। लेकिन सुनील ने उससे शादी नहीं की। परिवार की मर्जी से युवती को रतलाम में शादी करना पड़ी।

पीड़िता ने बताया कि करीब दो साल पहले सुनील ने ससुराल वालों से विवाद करवाकर शादी तुड़वा दी। आरोपी उसे सच्चा प्यार करने की बात कहते हुए शादी का झांसा देकर अपने साथ इंदौर ले आया। यहां जूनी इंदौर इलाके में साथ रहने लगा। इस बीच सुनील ने कई बार संबंध बनाए। कुछ माह पहले वह प्रेग्नेंट हो गई तो सूरज ने कहा कि अभी शादी नहीं कर सकता, एबॉर्शन करवा लो।

### आसपास सभी को बताया शादीशुदा

पीड़ित युवती ने बताया कि जहां वह रहते हैं, वहां सुनील ने लोगों से दोनों के शादीशुदा होने की बात कही। इसके बाद कई बार सुनील से शादी के लिए कहा, लेकिन वह हर बार टाल देता। सुनील ने पीड़िता से 1 नवंबर को फिर संबंध बनाए। जब पीड़िता ने शादी के लिए कहा तो सुनील ने कहा कि जैसे वह रह रहे हैं वैसे ही रहेंगे। वह शादी नहीं कर सकता। जहां परिवार के लोग कहेंगे वहीं शादी करेगा। इसके बाद पीड़िता ने पालदा इलाके में रहने वाले अपने माता-पिता को पूरी बात बताई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत सुनने के बाद मामले में कार्रवाई की है। वर्तमान में सुनील तेजाजी नगर इलाके में रहता है।

## मीडियाकर्मी को धमकाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** खजराना से साप्ताहिक समाचार पत्र निकालने वाले शाहरूख कुरैशी ने पढरीनाथ थाने में मोहम्मद आसिफ ओर उसके साथी के खिलाफ धमकाने के मामले में केस दर्ज कराया है। कुरैशी का कहना है कि वह सदर बाजार इलाके में रहते है। उनके पास मोहम्मद आसिफ का कॉल आया। जिसने मिलने के लिये नफीस बेकरी के पास जवाहर मार्ग पर बुलाया। यहां जब शाहरूख कुरैशी पहुंचा तो आसिफ ने उसे खबरे लिखने के मामले में धमकी दी ओर कहां कि तुझे जान से खत्म कर देगे। मामले में शाहरूख ने पढरीनाथ थाने में केस दर्ज कराया है।

# नाबालिग से हरकतें करने वाले पिता को 13 साल का कारावास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने वाले पिता को जिला कोर्ट ने पाक्सो सहित विभिन्न धाराओं में 13 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। खास बात यह कि कोर्ट ने फैसले में टिप्पणी की है कि आरोपी द्वारा पिता होते हुए अपनी बेटी के साथ उक्त प्रकार का कृत्य किया गया है, जो बेटी विश्वास को तोड़ता है। इसके साथ ही पिता-पुत्री के रिश्ते को कलंकित करता है। ऐसे में आरोपी के साथ नरमी नहीं बरती जा सकती है और इस अपराध के लिए अधिकतम दण्ड से दण्डित किया जाना न्यायोचित है।

मामला रावजी बाजार थाना क्षेत्र का है। बालिका द्वारा 9 सितम्बर 2019 को थाने में आवेदन देकर बताया गया कि उसकी उम्र 15 वर्ष तथा दसवीं में पढ़ती है। करीब डेढ़ साल पहले उसकी मां को पिता ने मारपीट कर घर से निकाल दिया था। इस पर मां उसे व उसके भाई को पिता के पास छोडक़र चली गई थी और तब से लेकर पिता ने उसे उसकी मां से मिलने नहीं दिया और न ही बातचीत करने दी। पिता मां के जाने के बाद उसके साथ कई बार छेड़छाड़ कर चुके हैं। वे उसके छोटे भाई को कमरे से बाहर निकाल देते हैं और उसके साथ अश्लील हरकत करते हैं। विरोध करने पर उसके पिता ने कई बार मुक्कों से मारपीट की तथा धमकी दी कि अगर यह बात किसी को बताई तो वह उसे मारकर फेंक देगा। वह अपने पिता की इन हरकतों से परेशान थी। आज उसकी मां उससे स्कूल में मिलने आई तो उसने उसे सारी बात बताई और फिर मां के साथ साथ रिपोर्ट लिखाने थाई आई। मामले में पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ पाक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया। मंगलवार को कोर्ट ने पिता को दोषी पाते हुए पाक्सो एक्ट में 7 वर्ष का कठोर कारावास, जान से मारने की धमकी में 5 वर्ष का सश्रम कारावास तथा मारपीट के मामले में 1 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। शासन की ओर से पैरवी एडीपीओ सुशील राठौर ने की।

# महिला की हादसे में मौत

## रिश्तेदार से मिलने आई थी, एमवाय अस्पताल में दम तोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। धार रोड पर एक महिला मंगलवार को हादसे का शिकार हो गई। महिला की बुधवार सुबह एमवाय अस्पताल में मौत हो गई। बताया जाता है कि वह 80 किमी दूर अपने गांव से रिश्तेदारों से मिलने पहुंची। उन्हें यहां अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसके बाद उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया।

संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक गीता पति रघुनाथ दमानी निवासी मोरगांव अपने रिश्तेदारों से मिलने मंगलवार को माचल के पास आई थी। यहां उन्हें एक वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में गीता को एमवाय अस्पताल भेजा गया। सुबह 6 बजे यहां उसकी मौत हो गई।

रिश्तेदारों ने बताया कि उन्हें अस्पताल से गीता के भर्ती होने की जानकारी मिली। गीता के पति की कई साल पहले बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। वहीं बड़े बेटे की भी तीन साल पहले बीमारी के चलते मौत हो गई। गीता का एक बेटा गोपाल परिवार में है। जो गांव में ही मजदूरी करता है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

## आग में झुलसे दंपति, पति गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विजयनगर में एक दंपती आग की चपेट में आ गए। इससे वे बुरी तरह झुलस गए। पड़ोसियों को पता चला तो वे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे। सूचना के बाद विजयनगर पुलिस दंपती के बयान लेने अस्पताल पहुंची है। यहां पति की हालत गंभीर बताई जा रही है। विजयनगर पुलिस के मुताबिक घटना न्यू अंजनी नगर की है। यहां रहने वाले भरत (40) पुत्र हीराचंद और पत्नी किरण (35) को बुधवार सुबह करीब चार बजे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि घर में आग लगने के कारण दोनों उसमें बुरी तरह झुलस गए। डॉक्टरों के मुताबिक पति भरत काफी जल गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# बदमाशों से दो कट्टे और जिंदा कारतूस बरामद

## वारदातों को अंजाम देने घुम रहे थे हथियार लेकर

**इंदौर**। दो कुख्यात बदमाश वारदात को अंजाम देने घातक हथियार के साथ घुम रहे थे। तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। बदमाशों से दो कट्टे और जिंदा कारतूस मिले हैं। वे सिकलीगरों से हथियार लेकर शहर में सप्लाय भी करते थे। क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि तेजाजी नगर क्षेत्र में बदमाश हथियार लेकर खड़े हैं। सूचना पर यहां से कपिल सूर्यवंशी निवासी चोरल थाना सिमरोल को पकड़। उसके पास से एक कट्टा जब्त किया। इसी प्रकार,भंवरकुआ क्षेत्र के भावना नगर में अवैध हथियार पिस्टल लेकर खड़े बदमाशा शैलेंद्र उर्फ बाबा बागले निवासी भावना नगर को पकड़ा। उससे भी हथियार बरामद किया। आरोपी शैलेन्द्र पर भंवरकुआं थाने में लूट ,आम्र्स एक्ट ,मारपीट जैसे आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं।

## तीन थाना क्षेत्रों से मोबाइल लूटने वाले बदमाश धराए

**इंदौर।** तीन थाना क्षेत्रों में सिलसिलेवार मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम देने के मामले में पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। बदमाश राहगीरों से पीछे से आकर मोबाइल लूट लेते थे। उनके पास से 6 उपकरण बरामद किए हैं। `एमआईजी पुलिस को फरियादी ने बताया कि 30 अक्टूबर की शाम 6.30 बजे ऑफिस से अपने घर छोटी खजराना तरफ पैदल जा रहा था। तभी मोटरसाइकिल से अज्ञात लडक़े पीछे से आए और फरियादी का फोन झपट्टा मारकर छीनकर ले गए। घटना पर थाना एम.आई.जी ने अज्ञात बदमाशों पर धारा 392 का केस दर्ज किया था। इसके बाद से बदमाशों की तलाश की जा रही थी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।